यूटीयू प्रशासन बोला, झूठे हैं सभी आरोप

देहरादून। वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (यूटीयू) के कुलपति ओंकार सिंह और परीक्षा नियंत्रक डॉ. वीके पटेल पर छात्रों ने अनियमितता का आरोप लगाया था। इस पर विवि प्रशासन ने बृहस्पतिवार को अपना पक्ष रखते हुए सभी आरोपों को झूठा बताया। परीक्षा नियंत्रक डॉ. वीके पटेल ने पत्र जारी कर कहा, विवि की ओर से से अपनी शैक्षणिक व परीक्षा संबंधी सभी प्रक्रियाओं का डिजिटलीकरण किया गया है। शैक्षणिक सत्र 2022-23 से यूएमएस पोर्टल के तहत छात्रों के लिए एकल खिड़की प्रवेश, पंजीकरण, छात्र उपस्थिति मॉनीटरिंग, परीक्षा आवेदन, ऑनस्क्रीन मूल्यांकन, परीक्षाफल निर्माण की कार्यवाही की जा रही है। कहा, विवि की ओर से सभी फैसले छात्रों की हितों में लिए जाते हैं। छात्रों का कोई नुकसान नहीं होने दिया जाएगा। मा.सि.रि.